**Regarding request to introduce 15 coach local trains on Churchgate- Virar-Dahanu route**

**डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) :** सभापति महोदय, मैं चर्चगेट-विरार-दहानू खंड पर 15 कोच लोकल सेवा की शीघ्रतम प्रारंभ करने की मांग करता हूं । विरार-दहानू खंड पर बढ़ती भीड़ की वजह से यात्रियों को बहुत असुविधा हो रही है । पालघर लोक सभा क्षेत्र से करीब ढाई लाख यात्री इसकी सेवा लेते हैं ।

महोदय, मैं मांग करता हूं कि दहानू रोड से 15 कोच लोकल सेवा की यथाशीघ्र अनुमति दी जाए । अभी पहली बार 15 कोच हाई कैपेसिटी लोकल ट्रेनों को शुरू करने की योजना तैयार की गई है । मैं समझता हूं कि उसका संचालन तुरंत प्रारंभ किया जाए । इसके साथ ही दहानू रोड से सुबह चर्चगेट की तरफ चार बजे नई लोकल सेवा शुरू की जाए । ऐसी लोकल सेवा जो चर्चगेट से विरार तक सीमित है, उसे दहानू तक चलाई जाए । पीक ऑवर्स यानी छह से सात बजे के बीच दो एक्स्ट्रा लोकल सेवा दहानू-विरार और विरार-दहानू तक शुरू की जाए । ऐसी मैं मांग करता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद ।